# कार्यालयः डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय कन्नौज।

पत्रांकःअधि0 / 2026 / दिनांकः 10/08/26

::कार्यालय आदेशः:

शासन के पत्र सं0–272 / 71–1–2024 दिनांक 17 / 12 / 2024 एवं महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ के कार्यालय पृष्ठांकन पत्र सं0–एम0ई0–1 / 2024 / 3261–63 दिनांक 18 / 12 / 2024 के द्वारा उत्तर प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन मेडिकल कालेजों / संस्थानों / विश्व विद्यालयों द्वारा समय–समय पर नियमित रूप से जनता के लिए कार्य किये जाते हैं जिससे बड़ी संख्या में प्रत्येक दिन जनता को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलता है जिसमें ओ.पी.डी., आई.पी.डी. पैथोलॉजिकल जांचे, विभिन्न डायग्नोस्टिक जांचे, एवं आपरेशन जनता के लिए कई लाभकारी योजनाएं / सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं।

संस्थान स्तर पर शैक्षणिक स्तर पर शोध कार्य, जनसामान्य में जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की गतिविधियों एवं क्रियाकलापों का समय–समय पर आयोजन किया जाता है। जैसे–विश्व स्वास्थ्य दिवस, विश्व एड्स दिवस, विश्व तंबाकू निषेध दिवस एवं विश्व स्तनपान दिवस आदि।

डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज में समय–समय पर संचालित होने वाली उक्त समस्त गतिविधियों को स्थानीय संचार माध्यमों, समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए निम्नलिखित चिकित्सा शिक्षक / चिकित्सकों को नामित किया जाता है–

प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया को जानकारी उपलब्ध कराये जाने हेतु डा0 दिलीप सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को नोडल अधिकारी एवं डा0 शोनेन्द्र कुमार, सहायक आचार्य, बालरोग विभाग को सह–नोडल अधिकारी नामित किया जाता है।

सोशल मीडिया मीडिया के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराये जाने हेतु डा0 राजीव रंजन, सह आचार्य, पैथोलॉजी को नोडल अधिकारी एवं डा0 सैफ अनीस, सहायक आचार्य, कम्यूनिटी मेडिसिन को सह–नोडल अधिकारी नामित किया जाता है।

उक्त कार्य हेतु अतिरिक्त लाभ / भत्ता देय नहीं होगा।

प्रधानाचार्य
डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर,
राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज।

पत्रांकः अधि0 / 2026 / 6762-69 तद्दिनांक।
प्रतिलिपिःनिम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज।
2–प्रभारी अधिकारी अधिष्ठान, डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज।
3–समस्त विभागाध्यक्ष, डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज।
4–प्रभारी अधिकारी आपातकालीन विभाग, डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज।
5–संबंधित चिकित्सा शिक्षक, डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज।
6–ई0सी0–1 को संबंधित की व्यक्तिगत पत्रावली में संलग्न करने हेतु।
7-नो०अ० वेबसाइट।

10/08/2026

प्रधानाचार्य
डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर,
राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज।